आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 14.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 17 दिसंबर से शुरू होगा "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान। सरकार के निर्देश पर जन–कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।
- राज्य में शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्नो लेपर्ड साइटिंग, हेली–स्कीइंग तथा हिमालयन कार रैली जल्द शुरू की जाएगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा– डिजिटल युग में जनसंपर्क राष्ट्र निर्माण का अहम माध्यम।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने डोभालवाला स्थित कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इंटर कॉलेज में बास्केटबॉल कोर्ट और पुस्तकालय की स्थापना के कार्यों का लोकार्पण कियझं

जन जन की सरकार

प्रदेश में आगामी 17 दिसंबर से 45 दिनों तक "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत प्रदेश की विभिन्न न्याय पंचायतों और ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर जन–कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।

इस अभियान में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, समाज कल्याण सहित कुल 23 विभाग शामिल होंगे।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन सचिव विनोद कुमार सुमन ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने तथा पात्र और जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

शीतकालीन यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्नो लेपर्ड साइटिंग, हेली–स्कीइंग तथा हिमालयन कार रैली को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी 20 दिसंबर तक शीतकालीन यात्रा के मद्देनज़र केएमवीएन और जीएमवीएन की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा होटल मालिकों के साथ बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कल देर रात मुख्यमंत्री आवास में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिलों के प्रमुख पर्यटक स्थलों से संबंधित सड़कें, होटल तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त रहें। इसके साथ ही शीतकालीन यात्रा से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने भी जोर दिया।

राष्ट्रीय ध्वज

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज परिसर में 30 लाख रुपये की लागत से 100 फीट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। युवाओं में राष्ट्रभक्ति और देश के प्रति सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस ध्वज की स्थापना की जा रही है। श्री जोशी ने कहा कि यह राष्ट्रीय ध्वज आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और छात्रों में राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक प्रबल करेगा।

वंदे भारत ट्रेन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत ट्रेनों में क्षेत्रीय व्यंजन परोसने के मुद्दे पर अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया। रेल भवन में एक बैठक में श्री वैष्णव ने अधिकारियों से कहा कि इस पहल से यात्रियों को विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और स्वाद की महक मिलेगी। श्री वैष्णव ने यह भी कहा कि आई आर सी टी सी वेबसाइट पर फर्जी यूजर आईडी बनाने वालों की संख्या प्रतिदिन एक लाख से घटकर मात्र पांच हजार रह गई है। उन्होंने कहा कि 3 करोड़ से अधिक फर्जी खाते निष्क्रिय किए गए हैं और 2 करोड़ से अधिक यूजर आईडी पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। श्री वैष्णव ने सभी यात्रियों के लिए टिकट प्रणाली आसान और सुगम बनाने के भी निर्देश दिए।

ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आज के समय में पब्लिक रिलेशन केवल सूचना के संप्रेषण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अंग बन चुका है।

देहरादून में आयोजित 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में जहाँ सूचना की प्रचुरता है, वहीं गलत सूचना एक गंभीर चुनौती बनकर सामने आई है। ऐसे में सरकार और जनता के बीच भरोसेमंद संवाद स्थापित करना जनसंपर्क की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जनसंपर्क न केवल संकट के समय एक सक्षम कमांड सेंटर की भूमिका निभा सकता है, बल्कि देश के लिए सकारात्मक नैरेटिव गढ़ने में भी अहम योगदान दे सकता है।

तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर के जनसंपर्क और संचार पेशेवर भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में उत्तराखंड की 25 वर्षों की विकास यात्रा, मीडिया और जनसंपर्क की भूमिका, तकनीक, साइबर अपराध, गलत सूचना और अंतरराष्ट्रीय जनसंपर्क सहित कई विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं, रूस से आए प्रतिनिधियों की सहभागिता से सम्मेलन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप मिला है।

कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इंटर कॉलेज

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने डोभालवाला स्थित कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इंटर कॉलेज में बास्केटबॉल कोर्ट और पुस्तकालय की स्थापना के कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में कैप्टन प्रतीक आचार्य की प्रतिमा स्थापना तथा नए विद्यालय कक्ष के निर्माण की भी घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ–साथ खेलों के विकास को भी समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर खेल सुविधाओं से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना से विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही श्री जोशी ने शिक्षकों से छात्रों को पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

चंपावत जिला प्रशासन ने स्वाला क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग को आज रात 8 बजे से कल सुबह 6 बजे तक मार्ग को पूरी तरह से बंद रखने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने सभी यात्रियों और स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे इस अवधि में यात्रा की योजना पहले से ही बना लें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो।

हिल साइड कटिंग कार्य की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि कुल सात बेंचों में से दो बेंचों की कटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष बेंचों पर कार्य तेजी से जारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अनुसार, निर्धारित समयावधि में मार्ग बंद रहने से मशीनों का संचालन निर्बाध रूप से हो सकेगा और जोखिम वाले क्षेत्रों में कार्य को अधिक सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सकेगा।

सेना

सेना की कुमाऊं स्काउट्स बटालियन ने पिथौरागढ़ जिले की मुनस्यारी तहसील के मिलम गांव के ग्रामीणों को एक नवनिर्मित सामुदायिक भवन और पॉलीहाउस समर्पित किया है। यह सामुदायिक भवन सामाजिक समारोहों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, ग्राम सभाओं तथा आजीविका से संबंधित गतिविधियों के आयोजन में उपयोगी होगा और समग्र सामाजिक विकास में सहायक बनेगा।

इस सामुदायिक भवन में ऊर्जा आपूर्ति के लिए सोलर प्लांट स्थापित किया गया है, जिससे ग्रामीण बैठकें और अन्य गतिविधियां संचालित कर सकेंगे। वहीं पॉलीहाउस से कृषि और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल गांव में सामुदायिक ढांचे को सुदृढ़ करने और भविष्य की विकासात्मक गतिविधियों के लिए मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेना द्वारा स्थानीय निवासियों की जीवन–स्थितियों में सुधार के लिए विकासोन्मुख प्रयास लगातार जारी हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

पौड़ी के कंडोलिया में सांसद खेल महोत्सव शुरू– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– खिलाड़ियों से मिले केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, युवाओं से खेलों से जुड़ने और खेल संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान...

दिग्गज फुटबॉलर खिलाड़ी लियोनल मेसी के कोलकाता दौरे पर उमर उजाला का शीर्षक है– मेसी की झलक न पा सके प्रशंसकों का स्टेडियम में उत्पात, आयोजग गिरफ्तार।

सेना को मिले 491 जांबाज अफसर– हिन्दुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी। सेना प्रमुख द्विवेदी के हवाले से समाचार पत्र लिखता है– भारतीय सेना बदलाव के दौर से गुजर रही।

एच 1 वीजा पर राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– एच 1बी वीजा मामले में अमेरिका के 19 राज्यों ने दायर किया मुकदमा।